# मेरियोफर्ट (Meriofert) (मेनोट्रोफिन) (Menotrophin) 900 IU का इस्तेमाल कैसे करें

## दवा दिए जाने संबंधी निर्देश

**मेरियोफर्ट 900 IU**
की तैयारी और सही तरीके से
दिए जाने
के लिए उदाहरण सहित गाइड



IBSA

इस पुस्तिका को IBSA द्वारा तैयार किया गया है।
जॉब बैग कोड: UKME00309 तैयारी की तारीख: मार्च 2024

**कृपया अपना पहला इंजेक्शन लगाने से पहले पैक में आने वाले रोगी सूचना पत्रक को पढ़ें**

# मेरियोफर्ट 900 IU का प्रयोग कैसे करें

मेरियोफर्ट 900 IU त्वचा के नीचे लगाया जाने वाला इंजेक्शन है।

प्रत्येक शीशी को दवा के घोल के लिए केवल एक बार फिर तैयार किया जाना चाहिए और खुराक तैयार होने के तुरंत बाद प्रत्येक एकल इंजेक्शन लगाया जाना चाहिए।

**उचित सलाह और प्रशिक्षण के बाद आपका स्वास्थ्य देखभाल पेशेवर आपसे मेरियोफर्ट 900 IU इंजेक्शन अपने आप लगाने को कह सकता है।**


**आपके पहले इंजेक्शन से पहले, आपके स्वास्थ्य देखभाल पेशेवर को:**

- आपको स्वयं इंजेक्शन लगाने के संभावित स्थानों के बारे में बताना चाहिए;
- यह दिखाना चाहिए कि इंजेक्शन के लिए सोल्यूशन कैसे तैयार किया जाए;
- यह बताना चाहिए कि इंजेक्शन के लिए सही खुराक कैसे तैयार करें।

## स्वयं को मेरियोफर्ट 900 IU इंजेक्ट करने से पहले, निम्नलिखित निर्देशों को ध्यान से पढ़ें:

चूंकि इस शीशी में कई दिनों के उपचार के लिए दवा है, इसलिए आपको यह सुनिश्चित करना होगा कि आप केवल उतनी ही दवा लें जो आपके स्वास्थ्य देखभाल पेशेवर द्वारा निर्धारित की गई थी।

आपके स्वास्थ्य देखभाल पेशेवर ने आपको मेरियोफर्ट मल्टीडोज़ की एक दैनिक खुराक निर्धारित की है।




सही खुराक प्राप्त करने के लिए आपको अंतर्राष्ट्रीय यूनिटों (IUs) में अंशांकित लगाई जाने वाली 12 सीरिंजों में से किसी एक का उपयोग करना चाहिए।

इन सीरिंज का आशय **एक बार उपयोग के लिए** है और प्रत्येक बार लगाए जाने के बाद, इन्हें नुकीली वस्तुओं का निपटान करने वाले पात्र में डाला जाना चाहिए।

## प्रत्येक मेरियोफर्ट 900 IU सैट में निम्नलिखित शामिल हैं:

- पाउडर रखने वाली एक शीशी;
- फिर से तैयार किए जाने (reconstitution) के लिए सॉल्वेंट ऱखने वाली पहले से भरी हुई सीरिंज;
- फिर से तैयार करने के लिए एक सुंई;
- अनेक इंजेक्शनों के लिए अल्कोहल के बारह फाहे;
- IUs में अंशांकित दैनिक रूप से त्वचा के नीचे लगाए जाने वाले इंजेक्शनों के लिए साथ दी गईं सुंइयों के साथ डिस्पोजेबल बारह सीरिंज।



## 1 पहले इस्तेमाल से पहले








फिर से तैयार करने से पहले, मेरियोफर्ट 900 IU को फ्रिज में **2-8°C** पर स्टोर किया जाना चाहिए।

**हम मेरियोफर्ट 900 IU को आपके द्वारा पहली बार इस्तेमाल किए जाने से पहले चरण दर चरण सहायता देने वाले वीडियो प्रदर्शन को देखने की सिफारिश करते हैं।**

## 2 फिर से तैयार किए जाने से पहले

इंजेक्शन के लिए सोल्यूशन (900 IU मेनोट्रोफिन युक्त) आपकी पहली खुराक लेने के लिए तैयार होने से ठीक पहले तैयार किया जाना चाहिए।

साफ सतह तैयार करें और अपने हाथों को साबुन और गुनगुने पानी से धोएं।

निम्नलिखित आपूर्तियाँ एकत्र करें:

**क.** पाउडर वाली शीशी;

**ख.** फिर से तैयार किए जाने के लिए पहले से भरी हुई सीरिंज;

**ग.** फिर से तैयार करने के लिए एक डिस्पोजेबल सुंई;



# इंजेक्शन के लिए सोल्युशन को फिर से तैयार करना

## 3 पहले से भरी हुई सीरिंज तैयार करना


**यह महत्वपूर्ण है कि किसी भी चरण पर सफेद कॉलर न हटाया जाए।**

A



पैक पर समाप्ति तिथि की जाँच करने के बाद फिर से तैयार करने के लिए पहले से भरी हुई सिरिंज और ग्रे सुई खोलें। यदि उत्पाद एक्सपायर हो गया है तो इस पैक का उपयोग न करें।

B



सीरिंज पर अभी भी उसकी सुरक्षात्मक कैप के साथ फिर से तैयार की जाने वाली ग्रे सुई संलग्न करें।


C



सीरिंज को सावधानी से साफ सतह पर रखें।


## 4 शीशी तैयार करना

A




रंगीन प्लास्टिक फ्लिप-ऑफ कैप को अपने अंगूठे से धीरे से ऊपर की ओर धकेल कर शीशी से हटा दें। रबर के ऊपरी हिस्से को रुई और कीटाणुनाशक घोल से पोंछें और सूखने दें।

B




पहले से भरी हुई सिरिंज उठाएँ, सुई की सुरक्षात्मक कैप हटा दें और सुनिश्चित करें कि आप सफेद कॉलर को न हटाएँ।

C



शीशी के केंद्र में रबर टॉप के माध्यम से सुई को दबाएं।

D



पाउडर पर सारा घोल खाली करने के लिए प्लंजर को मजबूती से दबाएं।

E



सॉल्वेंट मिलाते समय शीशी में थोड़ा अधिक दबाव बन जाता है। इसलिए, सुई को तरल स्तर से ऊपर उठाएं और सीरिंज प्लंजर को लगभग 10 सेकेंड के लिए छोड़ दें। जैसे जैसे प्लंजर उठेगा, यह शीशी में अधिक दबाव को रिलीव करेगा।




फिर से तैयार किए गए सोल्यूशन को न हिलाएं बल्कि जब तक सोल्यूशन साफ न हो जाए धीरे-धीरे घुमाएं।

*आमतौर पर, **मेरियोफर्ट 900 IU** तुरंत घुल जाती है।*




जाँच करें कि क्या फिर से तैयार किया गया घोल साफ, रंगहीन और कणों से मुक्त है।

*यदि घोल में कण हों, धुंधला हो या रंगहीन न हो तो इस्तेमाल न करें*

## 5 इंजेक्शन तैयार करना




शीशी के रबर स्टॉपर को अल्कोहल वाइप से साफ करें।




साथ लगी हुई सुई के साथ त्वचा के नीचे दैनिक रूप से लगाने के लिए प्रदान की गई डिस्पोजेबल सीरिंजों में से एक लें।




सुई का सुरक्षात्मक आवरण हटा दें।





रबर की शीशी के शीर्ष पर बीचोबीच सुई को लंबवत रूप से डालें।

## 5 इंजेक्शन तैयार करना




सुनिश्चित करें कि सुईं घोल में डूब जाए और मेरियोफर्ट मल्टीडोज़ की निर्धारित खुराक को दवा देने वाली सीरिंज में डालें।




शीशी से सुई निकालें।





सुईं को ऊपर की ओर रखते हुए सीरिंज को पकड़ें और हवा के किसी भी बुलबुले को ऊपर की ओर धकेलने के लिए सीरिंज के किनारे को धीरे से थपथपाएं।




प्लंजर को धीरे धीरे तब तक दबाएं जब तक सुईं की नोंक पर तरल पदार्थ की एक बूंद दिखाई न देने लगे।

# इंजेक्शन लगाना

## 6 इंजेक्शन लगाने का स्थान



आपके स्वास्थ्य देखभाल पेशेवर ने आपको पहले ही सलाह दे दी होगी कि दवा आपके शरीर में कहाँ इंजेक्ट करनी है।

सामान्य स्थान जाँघ या नाभि ने नीचे वाले स्थान पर पेट का हिस्सा होता है।

चूंकि उत्पाद को प्रतिदिन दिया जाता है, इसलिए यह सिफारिश की जाती है कि इंजेक्शन लगाने के स्थान को बदलते रहें।

## 7 सोल्यूशन इंजेक्ट करना




अपने चुने हुए इंजेक्शन स्थल पर, त्वचा को मजबूती से चुटकी में दबाएं।

दूसरे हाथ से, 45° या 90° डिग्री के कोण पर भाले जैसी गति से सुईं डालें। त्वचा के नीचे इंजेक्ट करें।

सीधे किसी नस में इंजेक्शन न लगाएं.




प्लंजर को धीरे-धीरे और लगातार दबाएं, ताकि घोल सही ढंग से इंजेक्ट हो सके।

निर्धारित मात्रा में घोल इंजेक्ट करने के लिए आपको जितना समय चाहिए उतना लें।




अपनी सभी उपयोग की गई सुइयों, सीरिंज और इंजेक्शन सामग्री को नुकीली वस्तुओं का निपटान करने वाले कंटेनर में फेंक दें।

## 8 स्टोरेज

दवा का घोल फिर से तैयार करने के बाद, सोल्यूशन को अधिकतम 28 दिनों के लिए, 25°C तक के तापमान पर स्टोर करें।

दवा का घोल फिर से तैयार करने से पहले या  बाद में इसे फ्रीज़ न करें।

## 9 आगे के इंजेक्शन

मेरियोफर्ट मल्टीडोज़ के फिर से तैयार किए गए घोल का इस्तेमाल करते हुए भविष्य के इंजेक्शनों के लिए, प्रतिदिन त्वचा के नीचे लगाए जाने के लिए किसी नई डिस्पोजेबल सीरिंज का उपयोग करते हुए, चरण 5 से दोहराएं।

फिर भी, यदि आप देखें कि सोल्यूशन साफ नहीं है तो इसे इस्तेमाल न करें।



मेरियोफर्ट 900 IU
की तैयारी और सही
तरीके से दिए जाने
**के लिए उदाहरण सहित गाइड**



# मेरियोफर्ट 900 IU

## मेनोट्रोफिन इंजेक्शन के लिए घोल हेतु पाउडर और सॉल्वेंट

### आपके लिए **मेरियोफर्ट** क्यों निर्धारित किया गया है?

**आपको 'इन विट्रो फर्टिलाइजेशन (आईवीएफ)' की प्रक्रिया के लिए नियंत्रित डिम्बग्रंथि हाइपरस्टिम्यूलेशन के लिए मेरियोफर्ट निर्धारित किया गया है।**

**आगे की सहायक जानकारी आपकी दवाइयों के पैकेट में रोगी सूचना पत्रक और ऑनलाइन वीडियो में देखी जा सकती है।**

**यदि आपके कोई प्रश्न हों, तो कृपया अपने स्वास्थ्य परिचर्या पेशेवर से पूछें।**

**हम मेरियोफर्ट 900 IU को आपके द्वारा पहली बार इस्तेमाल किए जाने से पहले चरण दर चरण सहायता देने वाले वीडियो प्रदर्शन को देखने की भी सिफारिश करते हैं।**

यदि आपको कोई दुष्प्रभाव होता है तो अपने डॉक्टर, फार्मासिस्ट या नर्स से बात करें। इसमें कोई भी संभावित दुष्प्रभाव शामिल है जो पैकेज लीफलेट में सूचीबद्ध नहीं है।

आप येलो कार्ड योजना के माध्यम से सीधे https://yellowcard.mhra.gov.uk/ पर भी दुष्प्रभावों की रिपोर्ट कर सकते हैं।

दुष्प्रभावओं की रिपोर्ट करके, आप इस दवा की सुरक्षा के बारे में अधिक जानकारी प्रदान करने में मदद कर सकते हैं।

किसी दुष्प्रभाव या उत्पाद संबंधी शिकायत की रिपोर्ट IBSA फार्मा को करने के लिए कृपया **IBSA Pharma Ltd से 01923233466 पर और medicalinformation.uk@ ibsagroup.com** पर संपर्क करें।


संदर्भ:
रोगी पत्रक सूचना
मेरियोफर्ट 900 IU: उत्पाद की विशेषताओं का सार


IBSA